राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

“Improvement in Police Behaviour”

<u>कोर्स रिपोर्ट</u>

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार **“Improvement in Police Behaviour”** विषय पर 03 दिवसीय कोर्स दिनांक 23.07.2018 से 25.07.2018 तक आयोजित किया गया है।

इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 28 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कोर्स के कोर्स डायरेक्टर श्री राजेन्द्र सिंह, सहायक निदेशक (विशिष्ठ कोर्सेज एवं सीओई) ने कोर्स की प्रस्तावना के साथ कोर्स की शुरूआत की व **“Improvement in Police Behaviour”** के विभिन्न आयामों व उनका पुलिस कार्यप्रणाली व अनुसंधान में महत्व के बारे में बताया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत **Improvement in Police Behaviour** विषय पर विभिन्न कानूनों की जानकारी, पुलिस व्यवहार से सम्बन्धित जानकारी, पुलिस व्यवहार एवं मानवाधिकार, पीपल फ्रेण्डली पुलिसिंग, गिरफ्तार व्यक्तियों के साथ व्यवहार, महिलाओं के साथ पुलिस का व्यवहार, जनता में पुलिस की छवि आदि की जानकारी विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई। आमंत्रित अतिथि व्याख्याताओं में न्यायपालिका, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा आदि क्षेत्रों के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने उपस्थित होकर व्याख्यान दिये साथ ही पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारियों, भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत एवं मौजूदा पुलिस अधिकारियों ने अपने अनुभव प्रशिक्षणार्थियों से साझा किये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में श्री धीरज वर्मा, पुलिस निरीक्षक आरपीए, जयपुर ने **Child Protection Rules** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में श्री जी.एल. शर्मा, आई.जी.पी. (से.नि.), ने बेहतर **''पुलिस जनसंपर्क के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रस्तुति''** विषय पर विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में श्री मानवेन्द्र सिंह पाहवा, प्रोफेसर ने **''पुलिस व्यवहार सार्वजनिक धारणा/ वास्तविकता''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत दिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिवस के प्रथम एवं दूसरे सत्र में श्री राजेन्द्र सिंह सहायक निदेशक, स्पेशल कोर्सेज एवं सीओई ने **''पुलिस व्यवहार और मानवाधिकार एवं 'महिलाओं के साथ पुलिस व्यवहार''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र में श्री उमेश शर्मा, जिला न्यायाधीश (से.नि.), ने **''Police and Public Image : A Judicial Perspective''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिन प्रथम सत्र में श्री एस.एस. बिस्सा, आई.ए.एस. (से.नि.), ने **''पुलिस नैतिक और मूल्य''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में श्रीमती अनुकृति उज्जैनियां, सहायक निदेशक (सी.डी.पी.एस.एम.) ने **''महिलाओं के साथ पुलिस व्यवहार पुलिस''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण के समापन सत्र में श्री राजेन्द्र सिंह, कोर्स डायरेक्टर ने पुलिस व्यवहार में सुधार के बारे में प्रतिभागियों को बताया। तत्पश्चात् प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र व ग्रुप फोटोग्राफ वितरित किये गये। प्रशिक्षण के समापन समारोह में प्रतिभागी श्री दीपक जोशी, कम्पनी कमाण्डर ने कोर्स के संबंध में अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। प्रशिक्षण में शामिल समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया गया।

प्रशिक्षण के अन्त में कोर्स निदेशक श्री राजेन्द्र सिंह, सहायक निदेशक, स्पेशल कोर्सेज एवं सीओई एवं सहायक कोर्स डायरेक्टर श्री कप्तान सिंह, पुलिस निरीक्षक ने प्रतिभागियों व सहकर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कोर्स सधन्यवाद सम्पन्न हुआ।